हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 19 मार्च 2026

04 बिट्ठलेश्वर मंदिर मुकुट चोरी का खुलासा...



07 ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत, मोहरी राय की टंकी बनी लेकिन...





## समाचार संक्षेप

### नवसंवत्सर पूर्व निकली शहर में शोभायात्रा व जागरूकता रैली भारत माता की आरती का आयोजन किया




**गुना।** भारत विकास परिषद शाखा गुना के तत्वाधान में नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में बुधवार को शहर में एक शोभायात्रा एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे विन्ध्याचल कॉलोनी स्थित एक निजी स्कूल परिसर से हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, स्टाफ एवं शहर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर विन्ध्याचल कॉलोनी एवं महावीर पुरा मार्ग से होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने नवसंवत्सर के महत्व, भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आकर्षक नारों और उद्घोषों के माध्यम से जनसामान्य को प्रेरित किया। पूरे मार्ग में वातावरण भक्तिमय एवं देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा।रैली के उपरांत विद्यालय परिसर में दोपहर 12 बजे भारत माता की भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नवसंवत्सर के महत्व को स्थापित करना एवं भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना बताया गया। आयोजकों ने शहरवासियों से सनातन परंपराओं को सुदृढ़ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

### विक्रम उत्सव 2026 के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य नाटक का भव्य मंचन आज

गुना। मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल के तत्वाधान में एवं जिला प्रशासन के सहयोग से गुना नगर में 19 मार्च को विक्रम उत्सव के अंतर्गत एक सांस्कृतिक आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय विक्रमोत्सव में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य मुख्य अतिथि होंगे। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारियां विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौपे है। आयोजन के सहायक नोडल अधिकारी राजेश गोयल, जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर विनर सोसाइटी आर्ट एंड कल्चर, गुना द्वारा “सम्राट विक्रमादित्य” पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मानस भवन, गुना में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस नाट्य प्रस्तुति का निर्देशन युवा रंगकर्मी मधुर जैन द्वारा किया जा रहा है, जो अपने सृजनात्मक दृष्टिकोण और प्रभावशाली मंचन के लिए जाने जाते हैं।नाटक के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य, न्यायप्रियता, सांस्कृतिक समृद्धि एवं आदर्श शासन प्रणाली को दर्शाया जाएगा, जिससे दर्शकों को भारतीय इतिहास और संस्कृति की गौरवशाली परंपरा से परिचित होने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन में स्थानीय कलाकारों द्वारा जीवंत अभिनय, सशक्त संवाद और आकर्षक मंच सज्जा के माध्यम से दर्शकों को एक यादगार अनुभव प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में भारतीय इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करना है। आयोजकों ने समस्त नागरिकों, कला प्रेमियों एवं विद्यार्थियों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की सफल बनाने की अपील की है।

### कलेक्टर ने अनुकंपा के तहत पटवारी पद पर नियुक्ति दी




गुना । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत पात्र आवेदक को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कलेक्टर कन्याल ने नव-नियुक्त कर्मचारी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही।
अनुकंपा नियुक्ति के तहत राजस्व विभाग में विकास देवलिया, पिता स्वर्गीय रामलाल देवलिया को पटवारी पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान प्रभारी तहसीलदार हेमा राजपूत भी उपस्थित रहीं।

# हनुमान टेकरी मेला : लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनज़र प्रशासन अलर्ट

**कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हनुमान टेकरी मेले के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून व्यवस्था, कंट्रोल रूम की स्थापना, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, खाद्य पदार्थों की शुद्धता, मेडिकल टीम की तैनाती, फायर ब्रिगेड, स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्यों ने बताया कि एक दिवसीय इस मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिर परिसर में विशेष आयोजन किए जाते हैं।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्लास्टिक का उपयोग कम से कम किया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच कर उनकी नंबरिंग सुनिश्चित करने तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत




मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि पिछली बार वालंटियर्स की संख्या पर्याप्त नहीं थी, इसलिए इस बार लगभग 500 वालंटियर तैनात किए जाएं। सभी वालंटियर्स को पहचान के लिए टोपी, डंडा एवं सीटी उपलब्ध कराई जाए तथा उनकी सूची कंट्रोल रूम को दी जाए।मेले के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीडब्ल्यूडी एवं नगर पालिका को सभी पहुंच मार्गों की मरम्मत एवं गड्ढों की भराई कराने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को अतिरिक्त डीपी लगाने एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि सभी प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक पॉइंट बनाए जाएं और मंदिर तक जाने वाले मार्गों को व्यवस्थित किया जाए।इस दौरान कलेक्टर दो विषयों पर चर्चा करते हुए जानकारी दी जिले से प्रतिदिन लगभग 10 वाहन शिवपुरी स्वास्थ्य कैम्प के लिए संचालित की जा रही है, प्रत्येक ब्लॉक से दो वाहन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य केंद्र का लाभ लें। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि 13 से 14 वर्ष की बालिकाओं का अनिवार्य रूप से एचपीवी वैक्सीनेशन कराया जाए।

## मुआवजे की मांग लेकर प्रशासन की चौखट पर पहुंचे रहवासी

# टेकरी मार्ग चौड़ीकरण बना मुसीबत मलबे और गंदगी से श्रद्धालु त्रस्त हुए





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के टेकरी मार्ग को चौड़ा करने के लिए प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तो कर दी गई, लेकिन इसके बाद स्थानीय रहवासियों और यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं की परेशानी और ज्यादा बढ़ गई है। सड़क किनारे तोड़े गए मकानों और दुकानों का मलबा अब भी वहीं पड़ा हुआ है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और क्षेत्र में टूटी हुई नालियों से निकल रहा गंदा पानी परेशानी का सवव बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि टेकरी मेले से पहले मार्ग पूरी तरह साफ नहीं किया गया, तो श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, आने वाले गुड़ी पड़वा पर्व पर भी हजारों श्रद्धालु टेकरी मंदिर पहुंचते हैं, ऐसे में अव्यवस्थित मार्ग बड़ी समस्या बन सकता है।

रहवासियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने यह कार्रवाई कुछ बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और मैरिज गार्डनों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की है। उनका कहना है कि टेकरी मंदिर तक पहुंचने के लिए पहले से ही सरकारी रिकॉर्ड में वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध है, इसके बावजूद यह कार्रवाई की गई। साथ ही यह भी कहा कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बजट की कमी का हवाला देते हुए सड़क निर्माण में असमर्थता जताई जा रही है, जिससे स्थिति और जटिल हो गई है। लोगों के घरों के सामने मलबा जमा है, जिससे धूल घरों के भीतर तक पहुंच रही है और बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।



**मकानों का पुनर्निर्माण कराया जाए**

इन समस्याओं को लेकर स्थानीय रहवासी प्रशासन की चौखट पर पहुंचे और ज्ञापन सौंपते हुए मांग की किटूटे हुए मकानों का पुनर्निर्माण कराया जाए और उचित मुआवजा दिया जाए।घरों के सामने पड़ा मलबा तुरंत हटाया जाए।रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे धरना, आंदोलन और चक्का जाम करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

**शौचालय तक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए**

कार्रवाई में कई परिवारों के मकान, दुकान और शौचालय तक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। प्रभावितों में सोनू प्रजापति, बलराम कोरी, हेमराज, प्रभुलाल कोरी, मुकेश रैकवार, नाथूलाल कोरी, चंदाबाई, पवन नामदेव, रजनी कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, मलखान सिंह कुशवाहा, सोनू जैन, सोनू ओझा, वाहिद खान सहित अन्य शामिल हैं।

## गुनिया नदी पुनर्जीवन अभियान की तैयारियां तेज, 23 को होगा शुभारंभ

### कलेक्टर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में “पुनर्जीवन की सार्थक पहल” थीम के अंतर्गत गुनिया नदी के सुधार एवं पुनर्जीवन को लेकर अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नदी पुनर्जीवन अभियान 23 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा, जिसे चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा। कलेक्टर कन्याल ने निर्देश दिए कि अभियान शुरू होने से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। साथ ही कार्य के लिए जरूरी मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।निकाले जाने वाले मलबे के उचित निस्तारण के लिए चिन्हित स्थानों एवं बड़े गड्ढों का उपयोग करने का सुझाव भी बैठक में दिया गया।



**18 बिंदुओं की कार्ययोजना प्रस्तुत :** एसडीएम शिवानी पांडे द्वारा कार्य प्रारंभ करने हेतु 18 बिंदुओं पर आधारित प्रारूप प्रस्तुत किया गया। इस पर कलेक्टर ने नगरीय प्रशासन को मशीनरी की तैयारी सुनिश्चित करने एसडीएम को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने एसडीओपी को आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**नदी क्षेत्र का पैदल निरीक्षण करने का प्रस्ताव :** बैठक में लगभग 4 किलोमीटर लंबे नदी मार्ग का पैदल निरीक्षण करने का सुझाव दिया गया, ताकि संभावित व्यू प्वाइंट्स और विकास योग्य स्थलों की पहचान की जा सके।

**विशेषज्ञ दल और वालंटियर तैनाती पर जोर :** कार्य को प्रभावी बनाने के लिए विशेषज्ञों का दल गठित करने और अभियान के दौरान वालंटियर की तैनाती कर मशीनरी के उपयोग की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**अतिक्रमण के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई :** बैठक के अंत में कलेक्टर ने कहा कि आगामी त्योहारों के बाद शहर के विभिन्न स्थानों को चिन्हित कर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, उप वनमंडलाधिकारी नीरज निश्चल, एसडीएम श्रीमती शिवानी पांडे सहित समाजसेवी एवं शहर के नागरिक उपस्थित रहे।

## गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था को लेकर कलेक्टर के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले के उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिले के समस्त गैस एजेंसी संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।जारी निर्देशों के अनुसार गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखना अनिवार्य होगा। यदि सिलेंडर प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो संबंधित कंपनी के सेल्स ऑफिसर एवं खाद्य विभाग को तत्काल सूचित किया जाए।




गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन सिलेंडरों की उपलब्धता एवं प्रतीक्षारत उपभोक्ताओं की जानकारी खाद्य विभाग को उपलब्ध कराएं। जिन उपभोक्ताओं द्वारा पहले बुकिंग कराई गई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर रिफिल सिलेंडर घर पहुंचाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उपभोक्ताओं को गोदाम से सीधे गैस रिफिल प्रदान नहीं की जाएगी। रिफिल वितरण के दौरान हॉकर द्वारा किसी भी प्रकार की अतिरिक्त राशि नहीं ली जाएगी। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक गैस एजेंसी पर शिकायत पंजी रखना अनिवार्य होगा, जिसमें उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। प्राप्त शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में किया जाना सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी उपभोक्ता की गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है, तो एजेंसी द्वारा उनकी बुकिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही गैस सिलेंडर वितरण में जमाखोरी एवं कालाबाजारी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। ऐसा पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है, वितरण लापरवाही या निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गुना में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता, होम डिलीवरी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी गैस एजेंसियों द्वारा नियमित रूप से होम डिलीवरी की जा रही है। वर्तमान में 9,690 सिलेंडर उपलब्ध हैं, तथा 16,000 की बैटिंग है। पर्याप्त मात्रा में सिलेंडरों की आपूर्ति लगातार बनी हुई है। सभी उपभोक्ता गैस एजेंसी के मोबाइल नम्बर पर कॉल कर बुकिंग कराये ताकि उन्हें घर पर सिलेंडर प्राप्त हो सके। किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है गुना में घरेलू गैस सिलेंडर का बॉटलिंग प्लांट है। पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर प्राप्त हो रहे हैं। सभी उपभोक्ता घबराएं नहीं। गुना में घरेलू गैस सिलेंडरों का बॉटलिंग प्लांट संचालित है, जिससे निरंतर सिलेंडर उपलब्ध हो रहे हैं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गैस एजेंसी के मोबाइल नंबर पर कॉल कर या अन्य माध्यमों से बुकिंग कराएं, ताकि उन्हें समय पर घर पर सिलेंडर प्राप्त हो सके।इन माध्यमों से कर सकते हैं गैस सिलेंडर की बुकिंगइंडेन गैस मिस्ड कॉलः 8454955555, SMS/IVRS: 7718955555,




व्हाट्सएपः 7588888824,ऐपः Indian Oil One App एवं पोर्टलः http://cy.indianoil.in, भारत गैस मिस्ड कॉलः 7710955555, SMS/IVRS: 7715012345 / 7718012345, व्हाट्सएपः 1800224344, ऐप Hello BPCL एवं पोर्टलः http://my.ebharatgas.com तथा एचपी गैस के लिये मिस्ड कॉलः 9493602222, SMS/IVRS: 8888823456, व्हाट्सएपः 9222201122,ऐपः HP Pay एवं पोर्टलः http://my.hpgas.in कर सकते हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अधिकृत माध्यमों से ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें।

## जिले की भूमि व मकानों जैसी अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण को लेकर विस्तृत चर्चा

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक हुई, संपूर्ण जिले में 10 प्रतिशत तक बढेंगी कीमतें

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले की भूमि एवं मकानों जैसी अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गाइडलाइन दरों के निर्धारण हेतु आयोजित बैठक में नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, जिला उद्योग एवं विकास केंद्र, नगरपालिका गुना, भू-अभिलेख, लोक निर्माण विभाग, गृहनिर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।जिला पंजीयक एवं समिति के संयोजक गोवर्धन प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अचल संपत्तियों की कीमतों में औसतन लगभग 10.29 प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित की गई है। यह वृद्धि जिले की लगभग 40 प्रतिशत लोकेशन पर मूल्यवृद्धि प्रस्तावित हैं, जिनमें मुख्य रूप से शहरी क्षेत्र शामिल हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की केवल लगभग 30 प्रतिशत लोकेशन पर ही मूल्यवृद्धि प्रस्तावित की गई है। उन्होंने बताया



कि जिले की 21 लोकेशन पर 100 प्रतिशत से अधिक मूल्यवृद्धि का प्रस्तावित की है, जिनमें 16 लोकेशन आरोन क्षेत्र की हैं, जबकि 03 गुना की, चांचौड़ा एवं राघौगढ़ की 1-1 लोकेशन शामिल हैं। जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गों के किनारे स्थित क्षेत्रों में इस बार विशेष फोकस करते हुए नई लोकेशन चिन्हित कर दरों का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रस्तावित एवं अनुमोदित दरों पर विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्शा किया गया। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा निर्देशित किया गया कि आमजन से सुझाव आमंत्रित कर गाइडलाइन 2026-27 के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जाए।

समिति के संयोजक गोवर्धन प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि उप-जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रस्तावित दरों के संबंध में आमजन 23 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे तक अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त सुझावों पर विचार करते हुए जिले का अनंतिम प्रस्ताव तैयार किया जाएगा, जिसे अंतिम अनुमोदन हेतु केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड भोपाल को 23 मार्च 2026 को ही प्रेषित किया जाएगा। प्रस्तावित गाइडलाइन 01 अप्रैल 2026 से प्रभावशील होगी। उन्होंने बताया कि अनंतिम प्रस्ताव आमजन के अवलोकन एवं सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से एनआईसी जिला गुना की वेबसाइट guna.nic.in पर उपलब्ध कराया गया है, साथ ही जिला पंजीयन कार्यालय गुना एवं संबंधित सभी पंजीयन कार्यालयों में भी इसे देखा जा सकता है। आम नागरिक प्रस्तावित दरों का अवलोकन कर अपने लिखित सुझाव निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सो रहे परिवार को कमरे में बंद किया, सोने-चांदी के जेवर उड़ाए

**गुना।** जिले के बमोरी थाना क्षेत्र के ग्राम अकोदा में चोरों ने एक साहसी वारदात को अंजाम देते हुए एक घर को निशाना बनाया है। चोरों ने न केवल कीमती जेवरात चोरी किए, बल्कि पकड़े जाने के डर से पीड़ित परिवार को उनके ही कमरे में बाहर से कुंडी लगाकर कैद कर दिया। फरियादी भूरा यादव ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे वह अपने बच्चों के साथ नीचे के कमरे में सो गया था, जबकि उसकी मां पानबाई यादव ऊपर के कमरे में सोई थीं। बुधवार सुबह 5 बजे जब भूरा की नींद खुली, तो उसने पाया कि उसके कमरे की कुंडी बाहर से लगी हुई है। अनहोनी की आशंका होने पर उसने अपने भाई कृष्णभान को फोन कर कुंडी खुलवाई। जब परिवार ऊपर के कमरे में पहुंचा, तो वहां सारा सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोरों ने अलमारी और बक्से के ताले तोडकर उसमें रखे सोने के मंगलसूत्र, दो जोड़ी झुमकी, चार हाय और चांदी का कमर पेठा व चेन सहित अन्य पुराने कीमती जेवर पार कर दिए। आशंका जताई जा रही है कि चोर पीछे की दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए थे। बमोरी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## समाचार संक्षेप

### बाड़ा गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित पर्यावरण संरक्षण के लिए समिति की पहल

**राघोगढ़।** अंजनी सेवा पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा मंगलवार को गुना जिले के बाड़ा गांव में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य गांव में हरियाली बढ़ाना और लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों के साथ-साथ ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांव के विभिन्न स्थानों पर कई पौधे लगाए गए और सभी ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया।कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेड़ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ मानव जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं।समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के वृक्षारोपण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सके।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित कई सदस्य और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने लगाए गए पौधों की देखभाल करने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।



### केंट थाना पुलिस की तत्परता से तीन नाबालिग भाई-बहन सुरक्षित बरामद, चंद घंटों में खोजकर परिजनों को सौंपे गए बच्चे

**गुना।** केंट थाना पुलिस ने गुम हुए एक ही परिवार के तीन नाबालिग भाई-बहनों को चंद घंटों के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुई त्वरित कार्रवाईपुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में जिले में नाबालिगों की गुमशुदगी के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी श्रीमती प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। दिनांक 17 मार्च 2026 को कैंट थाना क्षेत्र से 10 वर्षीय बालक, 7 वर्षीय बालिका और 4 वर्षीय बालिका के लापता होने पर उनके पिता द्वारा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने अपराध क्रमांक 170/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर तत्काल खोज शुरू की।थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद से संभावित स्थानों पर सघन तलाश अभियान चलाया।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर विधिवत प्रक्रिया के तहत बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति अध्यक्ष डॉ. नीरू शर्मा एवं सदस्यों द्वारा आवश्यक कार्यवाही के बाद बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक ज्योति राजपूत, सउनि मिट्ठूलाल, प्रधान आरक्षक प्रदीप धाकड़, आरक्षक देवेंद्र रघुवंशी, आरक्षक जगदीश रावत एवं महिला आरक्षक रक्षा कंवर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

गुना पुलिस की सतत कार्रवाई से मिली सफलता

# बिट्ठलेश्वर मंदिर मुकुट चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के कुशल एवं सशक्त नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चाचौड़ा थाना पुलिस ने टोडी रोड स्थित बिट्ठलेश्वर मंदिर से हुई चोरी का सफल खुलासा किया है।

### मंदिर से चांदी के मुकुट सहित अन्य सामान हुआ था चोरी

उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी 2026 की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर से दो चांदी के मुकुट, गेहूं के तीन कट्टे और दान पेटी से नकदी चोरी कर ली थी। इस संबंध में फरियादी चंद्रेश नामदेव द्वारा 17 फरवरी को चाचौड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### सीसीटीवी और मुखबिर तंत्र से मिली सफलता

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह की टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सघन जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।



### मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

सघन जांच के दौरान पुलिस ने 16 मार्च 2026 को मुख्य आरोपी दीपक उर्फ मजबूत सिंह मीना को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने एक साथी के साथ चोरी करना स्वीकार किया और चोरी का चांदी का मुकुट शुभम सेन एवं हफीज खान को बेचना बताया।

### खरीददारों से बरामद हुआ चोरी का माल

पुलिस ने 17 मार्च 2026 को मुकुट खरीदने वाले दो आरोपियों शुभम उर्फ टुन्नी सेन और हफीज खान को भी गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी गया एक चांदी का मुकुट एवं चांदी के कुछ टुकड़े बरामद किए गए हैं।

### अन्य आरोपियों की तलाश जारी

गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में फरार तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका:** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद सिंह गौर, उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह, सउनि तारांचंद सगर, आरक्षक मोनू करारे, सचिन भिलाला, अजय समाधिया, राजू रजक, संजय सोलंकी एवं कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

# कैंट थाना पुलिस ने ऑटो चोरी का मामला चंद घंटों में सुलझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के संवेदनशील और सशक्त नेतृत्व में गुना पुलिस जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों में लगातार त्वरित और प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम ने फलेशु गार्डन के पास हुई ऑटो चोरी का मामला चंद घंटों के भीतर हल किया।

### मामले की जानकारी और प्रकरण दर्ज

दिनांक 16 मार्च 2026 को फरियादी विनोद पुत्र बाबूलाल प्रजापति निवासी विवेक कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 फरवरी 2026 की रात पंचमुखी मंदिर के पास फलेशु गार्डन के सामने खड़ी उसकी ऑटो (क्रमांक MP08 R 2982) चोरी हो गई थी। पुलिस ने अपराध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### सीसीटीवी और मुखबिर तंत्र से हुई पहचान

पुलिस अधीक्षक के निर्देशनुसार कैंट थाना पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और तकनीकी संसाधनों एवं सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पहचान की।

तत्परता से की गई तलाश के परिणामस्वरूप मुखबिर की सटीक सूचना पर 16 मार्च 2026 को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी हैं:नीरज पुत्र तुलसीराम कोरी, उम्र 34 सालराजेश उर्फ पप्पू पुत्र कन्हैयालाल सहरिया, उम्र 29 साल, निवासी मातापुरा, थाना कैंटपूछताछ में आरोपियों ने ऑटो चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की ऑटो, एक स्टेपनी और एक जैक कुल लगभग 85 हजार रुपये मूल्य का माल बरामद किया।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्यवाही में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, सउनि बालकृष्ण जाटव, प्रधान आरक्षक लखन किरार, प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र परिहार, आरक्षक मयंक गोस्वामी, आरक्षक सूर्यभान जाट, आरक्षक राजू बघेल और आरक्षक शुभम रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

# चेतना समूह का 25वां विशेष नवरात्रि साधना शिविर 19 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भारतीय संस्कृति व आध्यात्म के प्रचार प्रसार के उद्देश्य को लेकर गठित चेतना समूह गुना द्वारा प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी चैत्र नवरात्रियों में 25 वे नवदिवसीय बिशेष साधना शिविर का आयोजन समूह प्रणेता दिनेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में चेतना ध्यान कक्ष ॐ श्री काम्प्लेक्स नया पूरा में 19 मार्च से आरंभ होने जा रहा हे। चेतना साधक विकास जैन नखराली ने बताया कि वर्तमान में चेतना समूह द्वारा भारतीय संस्कृति व आध्यात्मिक गतिविधियां देश मे ही नही अपितु अब विदेशों में भी संचालित हो रही है। समूह प्रमुख पवन अग्रवाल ने बताया कि इस नवदिवसीय बिशेष साधना शिविर में आसन, प्राणायाम, व समग्र ध्यान के अभ्यास सहित भारतीय योग, ज्योतिष, वास्तु , आयुर्वेद आदि की वर्तमान परिप्रेक्ष में वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित व्याख्यानो का आयोजन भी किया जायेगा। दिनेश अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रि भारतीय संस्कृति में शक्ति आराधना का महापर्व है। इन दिव्य नो दिनों में प्रकृति हमें अपने जीवन मे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक ऊर्जा व शक्ति का संचय का अवसर प्रदान करती है।



---

# गुना में किसानों और ग्रामीणों के मुद्दों पर विरोध सप्ताह की शुरुआत, 17 से 24 मार्च तक पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

गुना जिले के विभिन्न गांवों में प्रदेशव्यापी विरोध सप्ताह का कार्यक्रम शुरू किया गया। यह विरोध सप्ताह 17 से 24 मार्च 2026 तक चलेगा और किसानों, खेत मजदूरों और ग्रामीण गरीबों के जीवन से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को उजागर करेगा।

**किसानों और खेत मजदूरों की कठिनाइयों पर जोर :** AIKKMS के जिला सचिव महेंद्र नायक ने कहा कि छोटे और मध्यम किसानों तथा खेत मजदूरों के हालात अत्यंत दयनीय हैं। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और कर्ज का बोझ उनकी जिंदगी को कठिन बना रहा है । मुख्य समस्याएं इस प्रकार हैं:बिजली के रेट अनियंत्रित रूप से बढ़ाए जा रहे हैं। किसानों को एमएसपी (लागत से डेढ़ गुना) मूल्य पर फसल नहीं बिकती।खाद, बीज, कीटनाशक, खेती के औजार और डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।




फसल खराब होने पर मुआवजा बहुत कम मिलता है और वह भी कई वर्षों तक नहीं दिया जाता। निजीकरण के कारण मध्यप्रदेश रोडवेज का बेड़ा कमजोर हुआ और बुजुर्गों व विद्यार्थियों के बस-पास की सुविधा प्रभावित हुई। महेंद्र नायक ने कहा कि केंद्र सरकार की कृषि और बजट नीतियां किसानों के लिए निराशाजनक हैं। अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते से बड़े पूंजीपति और व्यापारी ही लाभान्वित होंगे, जबकि छोटे किसान बर्बाद होंगे। इसके कारण अमेरिकी जीएम बीज और सस्ते अनाज, दाल, सोयाबीन, मक्का, गन्ना, कपास, खल, सेब, सूखे मेवे और दूध उत्पाद भारत के बाजार में भर जाएंगे, जिससे किसानों की बिक्री प्रभावित होगी और लोगों की सेहत पर भी असर पड़ेगा। विरोध सप्ताह के दौरान पूरे प्रदेश में किसानों और ग्रामीण गरीबों के खिलाफ लागू हो रही जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा।

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलानामहंगाई और बिजली के अनियंत्रित रेट पर रोक लगानासरकारी नीतियों में सुधार करवाना और निजीकरण के दुष्परिणामों को रोका जानानिष्कर्ष विरोध सप्ताह किसानों, खेत मजदूरों और ग्रामीण गरीबों के हितों के लिए आवाज बुलंद करने का महत्वपूर्ण मंच है। यह आंदोलन केंद्र और राज्य सरकारों को कृषि, बिजली, व्यापार और सामाजिक कल्याण नीतियों में सुधार के लिए दबाव बनाने का प्रयास है।

---

# बढ़ती गर्मी में हीट स्ट्रोक-लू से बचने हेतु एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले में तापमान बढते ही तेज गर्मी पढने लगी है। गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होन वाले दुष्प्रभाव, बचाव एंव उपचार के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाईजरी जारी की गई है। एडवाईजरी में आम जन को हीट स्ट्रोक (लू) से बचने के लिये निम्न दिशा निर्देश दिये गयें है।

**लू के लक्षण** सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना। तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना। चक्कर और उल्टी आना। कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना। शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना। अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना। भूख कम लगना। बेहोश होना।

**लू से बचाव के उपाय** लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज, मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिए विशेष ध्यान रखना चाहिये। अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपडे पहनने चाहिए ताकि हवा और कपडे पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पियें। चक्कर आने मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेयजल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करें। उल्टी सर दर्द तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र जायें। बच्चे बुजुर्ग एंव बीमार व्यक्ति घर से बाहर कम निकले, विशेषतः दोपहर में 12 से 04 बजे के बीच घर से बाहर न जाऐं।

**लू लगने पर कियें जाने वाले प्रारंभिक उपचार** बुखार पीडित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगावें। अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि।पिडित व्यक्ति को पंखे के नीचें हवा में लेटायें देवें। शरीर पर ठण्डे पानी का छिडकाव करते रहें। पीडित व्यक्ति हो शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जायें।

---




### अशोकनगर विकासखंड के ग्राम गता में रात्रिकालीन कृषक चौपाल का आयोजन हुआ

**अशोकनगर।** अशोकनगर विकासखंड के ग्राम गता में रात्रिकालीन कृषक चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वी.एस. गुप्ता ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी में रहने वाले सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं। इसके साथ ही अत्यधिक तापमान के कारण मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं। मिट्टी में उपस्थित कार्बनिक पदार्थ की मात्रा कम हो जाती है तथा मिट्टी के पीएच स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। स्ट्रॉ रीपर के माध्यम से नरवाई को भूसे में परिवर्तित किया जा सकता है तथा शेष डंठलों को मल्चर या रोटावेटर की सहायता से मिट्टी में मिला दिया जाए। किसानों को बताया गया कि भिंडी के साथ-साथ औषधीय फसलों जैसे कलौंजी ,सतावर, अश्वगंधा एवं चिरायता की खेती करके अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। ग्राम गता के कुछ किसानों द्वारा भिंडी, बैंगन, प्याज एवं लहसुन की खेती की जा रही है।

---

# सम्मेलन में सांसद सिंधिया की धर्म पत्नी ने महिलाओं को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोक नगर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह 21वीं सदी का भारत है, और यहां महिलाएं अपने आप को सशक्त महसूस कर रही हैं, इतना ही नहीं आत्मनिर्भर होने के साथ आज की नारी देश विदेश में हर मोर्चे पर अपनी सफलता के झंडे गाढ़ रहीं हैं। यह बात बुधवार को स्थानीय स्टेशन रोड स्थित अग्रवाल पैलेस में आशा उषा कार्यकर्ता संगठन द्वारा आयोजित मातृशक्ति सम्मान समारोह के दौरान सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की धर्मपत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर हैं और हर क्षेत्र में उनका दबदबा कायम है पायलट के रूप में आकाश में उड़ान भरने के साथ मेहनतकश के रूप में मजदूरी, ऑटो रिक्शा चलाने तक महिलाओं ने समाज में हर चुनौती भरा काम बड़ी खूबी और सफलता के साथ किया है,जहां घर में ममतामई मां बहन बेटी और पत्नी के रूप में अपनी जिम्मेदारी को निभाकर पूरे परिवार को एकजुट रखती हैं। वहीं समाज के हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाती हैं। राजनीति और समाज सेवा से लेकर हर क्षेत्र में देश की आधी आबादी रुतबा कायम है। आज नारी अबला नहीं सबला है। सम्मेलन के पूर्व प्रदर्शनी राजे सिंधिया का आशा उषा संगठन की प्रदेश अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव सहित अन्य बहनों ने स्वागत सम्मान किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री शीला जाटव, जनपद पंचायत सदस्य शीतल कलावत, आरती रघुवंशी वर्षा बिल्कुल सहित बड़ी संख्या में महिला बहन उपस्थित रहीं।

---

# राव माधव विद्यालय की एनएसएस इकाई के विशेष शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

राव माधव हायर सेकेंडरी स्कूल अशोकनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के विशेष शिविर जिसका आयोजन दिनांक 12 मार्च से ग्राम आवरी माफी अशोकनगर में संचालित हो रहा था इसका समापन बुधवार 18 मार्च को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण रघुवंशी जिला खेल अधिकारी विशिष्ट अतिथि विजय बैरागी ग्राम आवरी सरपंच प्रतिनिधि विद्यालय के संचालक राव सतीश सिंह रघुवंशी एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राघवेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया एवं राघवेंद्र सिंह द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा सभी अतिथियों को एन एस एस बैच लगा कर स्वागत किया कार्यक्रम की बेला में विद्यालय के शिक्षक मोहित शर्मा द्वारा हम होंगे कामयाब गीत का गायन कर कार्यक्रम में जोश भर दिया इकाई की चंद्रशेखर दल नायिका नैंसी शिखरवार, रानी लक्ष्मी बाई दल नायिका काजल शम , तात्या टोपे दल नायिका पलक रज , भगत सिंह दल नायिका किशोरी शर्मा ने सात दिवसीय शिविर में किए गए परियोजना कार्यों का शिविर दर्पण के माध्यम से उल्लेख किया साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण रघुवंशी द्वारा स्वयंसेवकों को उद्बोधन देते हुए मां तुजे प्रणाम योजना के लाभ बताए वं स्वयंसेवियों को खेल एवं शिक्षा के साथ सेवा के कार्यों में योगदान देने हेतु प्रेरित किया एवं राव सतीश सिंह द्वारा विद्यार्थियों को सेवा से जुड़े कार्यों गुरुद्वारों के उदाहरण देते हुए बताया कि गुरुद्वारों में जिस प्रकार मानव सेवा की जाती है भविष्य में शासकीय सेवाओं में एनएसएस स्वयंसेवक के प्रमाण पत्र के लाभ बताए एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं अतिथियों द्वारा स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

---

मुनिश्री सुधासागरजी महाराज की अगवानी में पहुंची पंचायत कमेटी

# मानना पड़ेगा ललितपुर ने अशोकनगर को अच्छी टक्कर दीः मुनि पुंगव सुधासागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मानना पड़ेगा ललितपुर ने अशोकनगर को अगवानी के मामले कड़ी टक्कर दी यद्यपि ये कोई प्रतियोगिता नहीं है फिर भी भावनाओं की बात रहती है ललितपुर समाज की अशोकनगर से थूवोनजी पद यात्रा में भी बढ़ चढ़ कर भाग लेकर अपनी खुशीया बांट रहे थे। जब आप दुसरो की खुशियों में समलित होते हैं तो लौट कर वह आपके पास है उक्त आश्य केउद्गार अभिनन्दनोदय तीर्थ ललित पुर में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

### अशोक नगर पंचायत कमेटी ने श्री फल भेंट कर किया निवेदन

पंचायत कमेटी के सदस्य विपिन सिंघई ने ललित पुर से लौट कर बताया कि अशोकनगर चातुर्मास के बाद पूज्य गुरुदेव का उत्तर प्रदेश में प्रवेश जहां उन्हें राज किये अतिथि घोषित किया गया है इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया महामंत्री राकेश अमरोद पंच कल्याणक महोत्सव के कुबेर शैलेन्द्र दददा चक्रवर्ती संजीव श्रागर पंचायत कमेटी के सदस्य विपिन सिंघई हेमंत टडैया आर जे जैन सहित अन्य प्रमुख जनो दारा श्रीफल भेंट कर नगर में चल रहे जिनालयो के काम के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।



### 28 मार्च से होगा देवगढ़ में पंच कल्याणक महोत्सव जायेंगे श्रद्धालु

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि अशोकनगर की सीमा पर स्थित प्राचीन तीर्थ क्षेत्र देवगढ़ में परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया के निर्देशन में होने जा रहे। उत्तरप्रदेश सरकार के मंत्री मनोहर लाल जी ने कहा कि हे गुरुदेव आपका आशीर्वाद हमारे अंचल को मिलता रहे आगे भी मिले उत्तर प्रदेश सरकार परम पूज्य गुरुदेव को राजकीय अतिथि घोषित कर अपने आप को सौभाग्य शाली मान रही है।

---

### मरीजों को कैम्प में ले जाने की गई व्यवस्था

**अशोकनगर।** रोटरी क्लब माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में शिवपुरी मेडीकल कॉलेज में वृहद् स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 17 मार्च से 24 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को उपचार प्रदान किया जायेगा। उक्त कैम्पों के संबंध में जिला अशोकनगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक मरीजों की स्क्रीनिंग की गई एवं गंभीर रोगों से ग्रसित 1026 मरीजों को चिन्हांकित किया गया है। 17 मार्च को विकासखण्ड ईसागढ़ से 168 मरीजों एवं विकासखण्ड मुंगावली से 131 मरीजों को निःशुल्क बसों के माध्यम से दोपहर का भोजन प्रदाय करते हुये स्वास्थ्य कैम्प हेतु शिवपुरी भेजा गया,जहां पर उनका उपचार, जॉंच एवं दवायें प्रदाय करते हुये सेवायें प्रदान की गईं। सभी मरीज इसी दिवस में अपने गन्तव्य स्थल पर पहुँचायें गये। इस कार्य में समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। आगामी 19 मार्च 2026 को विकासखण्ड शाढ़ौरा एवं 21 एवं 22 मार्च 2026 को विकासखण्ड चंदेरी से मरीजों को स्वास्थ्य लाभ हेतु कैम्प में ले जाने की व्यवस्था की गई है।

---

## अशोकनगर पुलिस राज्य में अव्वल

# सीसीटीएनएस रैंकिंग में लगातार प्रथम स्थान पर रहा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी की गई राज्य स्तरीय सीसीटीएनएस रैंकिंग में अशोकनगर जिले ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले की इस उपलब्धि ने न केवल पुलिस विभाग, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है।

सीसीटीएनएस एक अखिल भारतीय परियोजना है जिसके माध्यम से अपराध और अपराधियों का एक राष्ट्रव्यापी डेटाबेस तैयार किया जाता है। इसमें थानों के कामकाज को पेपरलेस बनाने और ऑनलाइन निगरानी की सुविधा मिलती है, जिससे अपराधियों को पकड़ने और विवेचना में तेजी आती है। अशोकनगर जिला पिछले कई महीनों से सीसीटीएनएस के विभिन्न मापदंडों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में लगातार नंबर-1 के पायदान पर काबिज है। एवं जिला स्तर पर




जारी होने वाली रैंकिग में थाना शाढौरा ने प्रथम स्थान, थाना देहात ने द्वितीय स्थान एवं थाना चंदेरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

रैंकिंग का निर्धारण एफआईआर की ऑनलाइन फीडिंग, केस डायरी का अपडेशन, वारंट तामीली, पासपोर्ट सत्यापन, और सीसीटीएनएस पोर्टल पर डेटा की गुणवत्ता व समयबद्धता के आधार पर किया जाता है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि, यह सफलता पूरी टीम के समर्पण और तकनीकी सजगता का परिणाम है। हमारा लक्ष्य है कि हम न केवल डेटा एंट्री में प्रथम रहे।

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा हिंदू नव वर्ष

**अशोकनगर।** शहर में और जिले में हिंदू नव वर्ष का आयोजन आज बड़े पैमाने पर होगा पूरे शहर में केसरिया पटक लगाई गई है एक दूसरे को शुभकामनाएं दी जाएगी इसके पूरे दिन तैयारी शहर में चलती रही। पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में मनाया जा रहा है गुड़ी पड़वा नव संवत्सर महा पर्व उन्होंने बताया कि इस वर्ष राजा पद श्री गुरुदेव बृहस्पति को प्राप्त हुआ एवं मंत्री पद मंगल देव को प्राप्त हुआ है। कुल मिलाकर सात पद शुभ ग्रहों को प्राप्त है एवं तीन पद अशुभ ग्रहों को प्राप्त है। नवरात्रियों की कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त दिनांक 19 मार्च को प्रातः 6: 00 बजे से 7 30 बजे तक एवं दोपहर 11: 30 बजे से 1: 30 बजे तक अभिजित मुहूर्त एवं लाभ घड़ी में की जावेगी इस वर्ष माता रानी गुरुवार पढ़ने से पालकी में विराजमान होकर आ रही है जो की शुभ संकेत देती हैं एवं इनका समापन 27 मार्च 2026 शुक्रवार को विसर्जन हाथी की सवारी से होगा यह भी शुभ संकेत है। 19 मार्च गुरुवार को सर्वार्थ सिद्धि योग बना हुआ है ऐसे योग में संबत 2082 का समापन होकर संवत 2083 का प्रारंभ हो रहा है नव संवत्सर में घर को साफ स्वच्छ करके साफ स्वच्छ वस्त्र धारण करके गंगा जलादि का सिंचन करके नव संवत्सर का फल श्रवण करना चाहिए एवं आयुर्वेद अनुसार इस समय मौसम बदलता है।

### जमीन विवाद में पिस्टल तानने का वीडियो वायरल

**अशोकनगर।** शहर के पछाड़ीखेड़ा क्षेत्र में जमीन विवाद के दौरान पिस्टल तानने का मामला सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह विवाद एक ही परिवार के सदस्यों के बीच चल रहे जमीन के मामले को लेकर हुआ। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुई जब सलूजा टावर के सामने सड़क पार स्थित दूसरे व्यक्ति की जमीन की राजस्व विभाग द्वारा नप्ती की जा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी होने के नाते सोनी कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय शिवा तिवारी अपने चाचा श्रीकांत त्रिपाठी के साथ मौके पर पहुंचे। फरियादी शिवा तिवारी के अनुसार, उनके चाचा श्रीकांत त्रिपाठी ने पहले लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे उनके हाथ में चोट आई। बीच-बचाव के दौरान स्वदेश जैन ने भी मारपीट की। इसी दौरान श्रीकांत त्रिपाठी ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकालकर लहराई और फायर करने का प्रयास किया। पिस्टल के बट से वार करने पर फरियादी के कंधे पर चोट आई है।

### अभियान के तहत होगा शिविरों का आयोजन

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में विकासखण्ड स्तरीय शिविरों का आयोजन किया गया है। विकासखण्ड मुंगावली अंतर्गत 19 मार्च को नगर परिषद पिपरई, विकासखण्ड चंदेरी में 23 मार्च को नगरपालिका चंदेरी में तथा विकासखण्ड अशोकनगर में 26 मार्च को नगर परिषद शाढौरा में आयोजित किये गये है।

---

### बोरवेल भी सूखे, ग्रामीणों को करना पड़ रहा है पानी की समस्या का सामना

# ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत, मोहरी राय की टंकी बनी लेकिन चालू नहीं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**





जिले में अभी ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत ही हुई है और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत सामने आने लगी है। जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम पंचायत मोहरी राय और मुंगावली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सागर में जब मौके पर जाकर जानकारी ली गई तब सामने आया कि ग्राम पंचायतों में पानी की समस्या ग्रामीणों को अभी से होने लगी है। वहीं ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को जो सुविधाएं प्रदान की जा रही है। उन सुविधाओं के बदले में ग्राम पंचायतों को जो टेक्स मिलना चाहिए वह टेक्स आम जनों द्वारा नहीं दिया जा रहा है।

जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पचांयत मोहरी राय अशोकनगर शहर के नजदीक है यहां का विकास जिस रफ्तार से हुआ है उस रफ्तार से ग्राम पंचायत को जो सुविधाएं मिलनो चाहिए जो टेक्स मिलना चाहिए। ग्राम पंचायत के सरपंच दिलीप धाकड़ से जब चर्चा की गई तब उन्होंने बताया कि पंचायत के क्षेत्र में पेट्रोल पंप, विद्यालय, मैरिज गार्डन, कृषि उपज मंडी, खेल मैदान, पुलिस आवासीय क्वार्टर एवं पशु हाट यहां पर लगती है। परन्तु यहां से ग्राम पंचायत को कोई भी टेक्स की राशि नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत में पशु हाट को लेकर जिला पंचायत के सदस्यों ने नाराजगी भी व्यक्त की थी और उक्त पशुओं से मिलने वाली शुल्क राशि ग्राम पंचायत को दिलाए जाने की बात सामने आने के बाद कुछ नहीं हुआ। सारी शासकीय योजनाओं के लाभ के एवज में मांत्र 1 लाख रूपए के करीब टेक्स प्राप्त होता है।

#### ग्राम पंचायत सागर में पानी की किल्लत शुरू

जनपद पंचायत मुगावली की ग्राम पंचायत सागर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत घर घर पानी पहुंचाने की योजना बनाई गई है, घर घर तक नल कनेक्शन हुए है परन्तु उनमें आज दिनांक तक ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वह गांव से 1 किलोमीटर दूर और खेतों में लगे बोरवेल व कुओं से पानी भरकर लाते हैं। यहां विभाग द्वारा 4 बोरवेल कराए गए चारों में पानी नहीं होने के कारण ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। वह 1 किलोमीटर दूर खेतों में बने कुए और बोरवेल से बिना टेस्टिंग किया हुआ पानी पीने के लिए मजबूर हैं। यहां के सरपंच द्वारा अपने खेत के टयूबेल से गांव तक पानी 15 वर्षों से पहुंचाया जाता है जिससे ग्रामीणों को पानी की पूर्ति होती है। यहां क स्कूल में पीएचई द्वारा नोडल एजेंसी द्वारा वॉस बेसन लगाए गए हैं परन्तु इन नल की टोटींयों में पीने का पानी आज तक नहीं पहुंचा है यह पूरे गांव की गाथा है। पानी की समस्या के संबंध में जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अधिकारी को ग्राम पंचायत मोहरी राय और ग्राम पंचायत सागर की यथा स्थिति से अवगत कराया तब उन्होंने कहा कि हम टीम को वहां पर पहुंचाकर जांच करवाएगें। उन्हें बताया गया है ग्रामीण बिना टेस्टिंग के बोरवेल से पानी भरकर पी रहे हैं यह पानी कितनी गुणवत्तापूर्ण है इसकी जांच नहीं हुई है, इस पर उन्होंने तुंरत निर्देशित किया कि वह ग्राम पंचायत सागर में टीम को पहुंचा कर जिन बोरवेलों से ग्रामीण पानी पी रहे हैं वहां का सेंपल लेकर पानी की जांच की जाएगी। वहीं ग्राम पंचायत मोहरी राय के सरपंच दिलीप धाकड़ ने कहा कि हमारी पंचायत में विभाग द्वारा हेंडपंप में दवाई तो डाली गई है परन्तु पानी का सेंपल नहीं ले गए न ही हमें इसके बारे में कोई जानकारी है।

#### 9 वर्ष पहले बनी पानी की टंकी अभी तक नहीं हुई चालू

यह पंचायत आदिवासी बाहुल्य पंचायत है, मोहरी के शंकरपुर में सबसे अधिक आदिवासी निवासरत हैं। यहां जो लोग स्वाथ्स्य यात्रिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नलजल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण शंकरपुर में कराया गया है। उक्त टंकी निर्माण होने के बाद से आज तक चालू नहीं हुई है जिसे 9 वर्ष बने हुए हो गए हैं, पंचायत द्वारा कईं पत्र लिखे गए परन्तु ठेकेदार कंपनी और नोडल एजेंसी एलएनटी कंपनी द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे कि निवासरत 1 हजार से अधिक परिवार पानी के लिए परेशान हो रहे है। उन्होंने कहा कि यहां के ग्रामीण नगरपालिका से पानी के टेंकर खरीदकर अपनी जल आपूर्ति करते हैं। परन्तु जो गरीब और मध्यम वर्ग का टपका है वह पानी के लिए परेशान हो रहा है जिसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा टेंकरों के माध्यम से घर घर पानी पहुचांने की योजना बनाई जा रही है।

---

# खाद्य रंग व दुष्प्रभाव विषय पर जागरूकता प्रदर्शनी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**



महाविद्यालय में खाद्य रंग एवं दुष्प्रभाव विषय पर एक जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में 30 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए लाल, पीले, नारंगी एवं भूरे रंग जैसे अनुमन्य खाद्य रंगों पर आधारित विभिन्न स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने इन रंगों के स्रोत, उपयोग एवं संभावित दुष्प्रभावों की जानकारी प्रस्तुत की। वहीं रसायन शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित सिंथेटिक खाद्य रंगों एवं गैर-अनुमन्य रंगों के बीच अंतर को स्पष्ट करते हुए उनके उपयोग से जुड़ेखतरों पर प्रकाश डाला। प्रदर्शनी को देखने महाविद्यालय के 60 विद्यार्थी एवं डॉ योग्यता भार्गव, कुमारी हिमांशी गंगवार, डॉ अमित द्विवेदी, डॉ रेखा शर्मा, राजकुमार जाट, रश्मी कुर्मी, गंगीता शर्मा एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विशेष अतिथि लीना नायक, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अशोकनगर ने अपने व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए बताया कि फील्ड स्तर पर कई रेस्टोरेंट्स एवं मिठाई की दुकानों में गैर-अनुमन्य खाद्य रंगों का अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग किया जा रहा है, मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है।

उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को सतर्क रहकर खाद्य पदार्थों का चयन करना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेनू राजेश ने इन प्रयासों की सराहना की जो विद्यार्थियों को फील्ड पर काम करने के लिए मनोबल बढ़ता है। ईको क्लब प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट ने अपने शोध कार्य का उल्लेख करते हुए बताया कि उनका वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के अंतर्गत किया गया अध्ययन यह दर्शाता है कि टाट्राजीन (पीला रंग) एवं सनसेट येलो (नारंगी रंग) जैसे अनुमन्य रंग भी चूहों के मस्तिष्क में न्यूरोटॉक्सिसिटी उत्पन्न कर सकते हैं।

---

# डीएसओ का तृतीय जिला स्तरीय छात्र सम्मेलन संपन्न हुआ




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

सम्मेलन की शुरुआत सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से हुई और छात्र सम्मेलन का मंच नवजागरण के महान व्यक्तित्व महात्मा ज्योतिबा फुले और आजादी आंदोलन की गैर समझौतावादी विचारधारा के महान क्रांतिकारी शहीद ए आजम भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु को समर्पित किया गया।

इस मौके पर डीएसओ के राज्य परिषद के सेक्रेटरी नारायण चंदेल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक तरफ नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूली शिक्षा की कायाकल्प की बात की जा रही है लेकिन इसी नीति में स्कूल काम्पलेक्स की अवधारणा को लाया गया है। जिसको मध्यप्रदेश में सीएम राइज नीति के नाम से लाया गया है। जिसके तहत 1 से 15 कि. मी. के एरिया में सिर्फ हायर सेकेण्डरी स्कूल चलाये जायेंगे। जो कि पीपीपी मॉडल पर संचालित होंगे। प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने विधानसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए स्वयं कहा कि पिछले 2015-16 से 2024 तक सरकारी स्कूलों में 12.73 लाख बच्चे कम हुए हैं। ड्रॉप आउट के मामले में मध्यप्रदेश पूरे देश भर में दूसरे स्थान पर है। सरकार आज प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में छात्र संख्या कम होने का ठीकरा शिक्षकों-अभिभावकों के सर फोड़ रही है। ऐसे विद्यालयों को बंद कर रही है जिनकी छात्र संख्या कम है।

अशोकनगर शहर में गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल जिसकी इमारत के लिए 2 बार सरकार के द्वारा राशि आवंटित की जा चुकी है परंतु प्रशासन की लापरवाही के चलते दोनों ही बार यह राशि लेप्स हो चुकी है। खाली पड़े पुराने एक्सीलेंस स्कूल की जमीन जिसपर गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल बनना प्रस्तावित है उस पर नगरपालिका की गिद्ध नजरें जमी हुई हैं, सारे प्रयास किए जा रहे हैं कि उस जमीन का व्यवसायिक लाभ उठाया जाए।

### गौशालाओं में पानी की टंकी बनाए जाने के संबंध में निर्देश जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष जनसुनवाई में गौ सेवकों से प्राप्त आवेदन के माध्यम से ग्रीष्मकाल में गौवंश एवं पशुओं के पेयजल की व्यवस्था हेतु जिले की समस्त गौशालाओं में 10,000 लीटर की पानी की टंकी का निर्माण किया जाना है। जिसकी तकनीकी प्राक्कलन कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तैयार किया गया है। उक्त प्राक्कलन अनुसार पानी की टंकी का निर्माण ग्राम पंचायतों के खातों में 15वां वित्त/5वाँ वित्त/सासंद निधि/विधायक निधि एवं अन्य किसी मद में उपलब्ध राशि किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा सरपंच, सचिव/ग्राम रोजगार सहायक को निर्देशित किया गया है कि प्राक्कलन एवं शासन के निर्देशानुसार गौशालाओं में पानी की टंकी की तकनीकी एवं प्रशासकीय तत्काल जारी करते हुये 19 मार्च से कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

---

# कलेक्टर की अध्यक्षता में गेहूं उपार्जन की तैयारियां संबंधी बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गेहूं उपार्जन की तैयारियां संबंधी बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर ने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गेहूं खरीदी के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी स्थिति में गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने-अपने ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित कर खरीदी प्रक्रिया और गुणवत्ता मानकों के बारे में स्पष्ट जानकारी देने के निर्देश दिए। जिले में गेहूं की गुणवत्ता सभी खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदान (बोरियां) सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटों की व्यवस्था, धर्मकांटो की मेपिंग, परिवहन, भण्डारण के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

---

# सेवानिवृत्ति होने पर जगन लाल शिक्षक को सम्मानित किया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**



वार्ड नंबर 16 हाट का पुरा चंदेरी में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाघाटक पूज्य भंते ज्ञान ज्योति प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय भिक्षु महासंघ मध्य प्रदेश रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागीरथ प्रसाद वंशकार मंडी सचिव अशोकनगर रहे और विशिष्ट अतिथि आर गोलिया रिटायर्ड डीएसपी, मुन्ना लाल अहिरवार पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति संघ एनएफएल विजयपुर, प्रकाश चंद्र बौद्ध राज कपूर अहिरवार प्राचार्य हिरावल शामिल रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागीरथ प्रसाद वंशकार ने जगन लाल शिक्षक द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यों से हमें शिक्षा लेने की प्रेरणा दी और महापुरुषों के विचारों को पढ़कर उनको आत्मसात करना चाहिए और उनकी शिक्षाओं पर सभी को चलना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आर गोलिया पूर्व डीएसपी ने कहा कि सभी को अनुशासन में रहकर ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। प्रकाश चंद्र बौद्ध ने कहा कि जगन लाल शिक्षक द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय नडेरी से शिक्षा देने का काम शुरू किया और 32 वर्षों तक नन्हे मुन्ने छात्राओं को शिक्षित करते रहे। यह सेवाकाल बहुत सफल रहा। इस कार्यक्रम में बुद्ध भीम संगीत की प्रस्तुति संगीत कलाकार अनरथ सिंह बेरसिया, भागीरथ चंदेरी ने दी।

---

# नहीं मिला शव वाहन, बच्ची का शव बाइक पर ले जाने को मजबूर

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल में उपचार के दौरान 4 माह की मासूम बच्ची साक्षी की मौत के बाद परिजनों को उसका शव मोटरसाइकिल पर ले जाने को मजबूर होना पड़ा, जबकि अस्पताल में शव वाहन उपलब्ध थे।

बताया गया है कि बच्ची साक्षी जन्म के कुछ समय बाद से ही बीमार थी। बुधवार सुबह करीब 4 बजे उसकी तबीयत बिगड़ने पर पिता मुकेश कुशवाहा उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच में बच्ची का हीमोग्लोबिन काफी कम पाया गया। डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ ही देर में मासूम ने दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन की कथित लापरवाही सामने आई। बताया जा रहा है कि अस्पताल में दो शव वाहन मौजूद होने के बावजूद परिजनों को कोई सुविधा नहीं दी गई। मजबूरी में बच्ची के दादा उसे गोद में लेकर अस्पताल गेट तक पैदल आए। इसके बाद परिवार मोटरसाइकिल के जरिए गांव पठारी के लिए रवाना हुआ। यह दृश्य स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत बयां कर रहा था। सिविल सर्जन डॉ. भूपेंद्र शेखावत ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और बता किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार परिजन स्वयं ही शव ले जाते हैं।



---

# ग्राम नानकपुर में जल महोत्सव का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

08 मार्च से 22 मार्च तक चलने वाले जल महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नानकपुर के ग्राम नानकपुर में जल महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस दौरान चंदेरी जनपद अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह बुंदेला,एसडीएम चंदेरी मनीष धनगर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन जंत्री कुलदीप कुशवाहा, सहायक यंत्री धर्मांशु दीक्षित, ब्लॉक समन्वयक अविनाश गोस्वामी, ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव रोजगार सहायक तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पंप ऑपरेटर आदि उपस्थित रहे। ग्राम में नल जल योजना का प्रमाणीकरण तथा हस्तांतरण किया गया। माध्यमिक विद्यालय के बच्चों से स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई तथा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। ग्राम में नल जल योजना के संचालन कर्ता पंप ऑपरेटर का भी सम्मान किया गया तथा ग्राम पंचायत को फील्ड टेस्ट कीट दी गई।

---

### देश के मंत्रियों और सांसदों की मांग पूरा कर रहे हैं, किंतु संसदीय क्षेत्र की मांग कब पूरी होगी

# गुना इटावा रेल लाइन पर ट्रेनों को चलाए जाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र ट्रेनों के अभाव से जूझ रहा है, यह सर्व विदित है, जिसके लिए क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से लगातार क्षेत्र के नागरिक मांग कर रहे हैं और इन्हीं सब के आधार पर 15 दिसंबर 2025 को सांसद सिंधिया के द्वारा रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव को अशोकनगर गुना शिवपुरी के लिए विभिन्न ट्रेनों के लिये मांग पत्र प्रेषित किए गए थे और उसके पश्चात 26 फरवरी 2026 को रेल मंत्री भारत सरकार से व्यक्तिगत भेंट भी सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया के द्वारा की गई है, परंतु अभी तक मांगी गई ट्रेनों के समुचित आदेश रेल मंत्रालय द्वारा जारी नहीं हुए हैं।

गुना इटावा रेल लाइन जो कैलाश वासी माधवराव सिंधिया के द्वारा प्रारंभ कराई गई थी जिससे गुना शहर शिवपुरी ग्वालियर भिंड होते हुए इटावा तक सीधे तौर पर कनेक्ट हो गया है। इस रेल लाइन की




कुल लंबाई 348 किलोमीटर और निर्माण लागत लगभग 700 करोड रुपए रेल मंत्रालय द्वारा खर्च की गई है। परंतु इस गुना इटावा रेल लाइन ट्रैक पर कोई ज्यादा ट्रेनों का संचालन नहीं हो रहा है, इस ट्रैक पर ट्रेन नंबर 19810 तथा 19811 कोटा इटावा ट्रेन तथा झांसी इटावा ट्रेन नंबर 11902 तथा 11903 का ही मात्र संचालन किया जा रहा है, और पूरा ट्रैक खाली है। इस ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन किया जा सकता है, जिसमें भोपाल से पाटलिपुत्र को चलने वाली नई बंदे भारत ट्रेन एवं अन्य ट्रेन जो दिल्ली कानपुर लखनऊ के लिए संचालित हैं उनका या तो मार्ग परिवर्तित किया जा सकता है या नई ट्रेनों का संचालन भी इस मार्ग से किया जा सकता है। जिसके लिए क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया से क्षेत्र वासियों ने मांग रखी है।




इटावा एक बहुत बड़ा जंक्शन है जहां से विभिन्न जगहों पर सीधे तौर पर रेल ट्रैक उपलब्ध है, इटावा से लखनऊ, इटावा से कानपुर, इटावा से नई दिल्ली, सीधी कनेक्टिविटी है यदि गुना इटावा रेल लाइन के माध्यम से ट्रेनों का संचालन किया जाता है तो इससे लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए ट्रैक की उपयोगिता सिद्ध होने लगेगी और भविष्य में इस ट्रैक के डबल होने की संभावना भी प्रबल हो जाएगी।

#### देश के विभिन्न मंत्रियों एवं सांसदों

जैसे गजेंद्र सिंह शेखावत पर्यटन मंत्री भारत सरकार राव इंद्रजीत सिंह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार, लता वानखेड़े सांसद सागर,आलोक शर्मा सांसद भोपाल, शिवराज सिंह चैहान केंद्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार तथा प्रिया सरोज सांसद मछली शहर उत्तर प्रदेश एवं अन्य के द्वारा उठाई गई मांगों पर तुरंत संज्ञान लेकर रेल मंत्री भारत सरकार द्वारा तत्काल आदेश जारी कर दिए गए हैं और इन मंत्रियों एवं सांसदों के द्वारा मांगी गई महत्वपूर्ण ट्रेनों के विस्तार स्टॉपेज एवं नई ट्रेनों की मांगों की पूर्ति रेल मंत्री एवं रेल मंत्रालय द्वारा कर दी गई। क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने मांग पत्रों एवं रेल मंत्री भारत सरकार से भेंट करने के पश्चात नई ट्रेनों को चलाए जाने, विस्तार कराए जाने एवं फेरे बढ़ाए जाने की मांगों को कब पूरा कराते हैं।

### जिले के छोटे-छोटे शहरों में बन गए बाईपास, पर राजगढ़ मुख्यालय अभी भी तरस रहा

# आखिरकार कब तक नरबलि लेगा राजगढ़ के बीच से निकला बाईपास ?

**राजधानी दिल्ली में अटकी दो स्वीकृत मार्गों की फाइलें, राशि पूर्व से स्वीकृत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ शहर के बीचों-बीच से निकल रहे बाईपास पर आए दिन दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं। दो दिन पूर्व ही स्थानीय दरगाह के सामने अचानक रफ्तार पकड़े एक डंपर ने एक छात्रा को ऐसा कुचल दिया कि उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं साथ की दूसरी छात्रा अभी भी जिंदगी और मौत से लड़ रही है।

इसके साथ बीते एक दो वर्ष के दौरान घनी आबादी और यातायात के बीच से निकल रहे इस बाईपास पर दर्जनों एक्सीडेंट के मामले सामने आ चुके हैं। ब्यावरा, खिलचीपुर, सारंगपुर जैसे तहसील मुख्यालयों के हाईवे के बाईपासों का निर्माण करवा दिया गया है लेकिन जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां का बाईपास अभी तक शहरी सीमा के अंदर से ही निकल रहा है। जबकि, पीडब्ल्यूडी विभाग की एनएच विंग नवीन बाईपास निर्माण के लिए करीब 400 करोड़ की राशि स्वीकृति भी कर चुकी है। चूंकि मामला देश की राजधानी दिल्ली में अटका हुआ है इसलिए राजगढ़ के आमजनों द्वारा क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर से मांग की जा रही है कि इस पेंडिंग मसले को प्राथमिकता में लेकर दिल्ली से स्वीकृत करवाएं।






### दो रूट राजगढ़ से फाइनल कर भेजे गए थे दिल्ली

*18 सितंबर 2024 पीडब्ल्यूडी एनएच विंग के अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की एक बैठक बाईपास का रूट फाइनल करने हुई थी। इस बैठक में खोयरी महादेव वाला रूट पूरी तरह कैंसिल किया जा चुका था क्योंकि वहां 80 फीसदी से अधिक वन्य क्षेत्र है। इसमें में बाकी के 2 अन्य रूटों में से किसी एक को फाइनल करने हेतु प्रक्रिया करीब दो साल से विचाराधीन चल रही है और मामले की फाइलें लोक निर्माण विभाग भोपाल की एनएच विंग या एनएच के दिल्ली मंत्रालय में धूल खा रही हैं।*

### इन दो रूटों में से कोई एक होना है तय, जो दिल्ली में अटका

नवीन बाईपास निर्माण के लिए जहां 400 करोड़ के लगभग की राशि तो स्वीकृत हो चुकी है लेकिन तय किए गए दो रूटों में से किस रूट पर बाईपास का निर्माण किया जाए इस बारे में मामला अधर में लटका हुआ है। बाईपास निर्माण के लिए खोयरी रूट वाला आप्शन-1 तो कैंसिल किया जा चुका है। दूसरे ऑप्शन वाले बाईपास की लंबाई 9.5 किमी है जो प्रतापगढ़, रघुनाथगढ़, भगवतिपुर, जुगलपुरा, हरजीपुरा, देवझिरी वाला है। वहीं तीसरे रूट ऑप्शन वाला बाईपास करीब 15 किमी लंबाई वाला है जो रामपुरा, कालीतलाई, मदापुरा, पीपल्या पाटनकला, गोवर्धनुपरा, मोरपीपली, हरजीपुरा, जोगीपुरा, फतेहपुर वाला है।

### जनप्रतिनिधि भी नहीं दिखा रहे रुचि

राजगढ़ शहर के आम नागरिक जहां बाईपास के शीघ्र निर्माण की मांग कर रहे हैं वहीं जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते प्रशासनिक अधिकारी भी मौन साधे बैठे हैं और बाईपास की फाइलें दिल्ली मंत्रालय में धूल खा रही हैं। कांग्रेस के जनप्रतिनिधि अलबत्ता मामले को समय-समय पर उठा रहे हैं लेकिन विपक्ष में होने के चलते उनकी बात को कोई तवज्जो ही नहीं दी जा रही है।

### प्रयास में लगा हूं...

पूरे प्रयास में लगा हूं। राजगढ़ बाईपास के लिए विगत दिनों ही केंद्रीय मंत्री से बात हुई है। कुछ तकनीकी दिक्कतें हैं। कल राजगढ़ तक ट्रेन आ रही गई। जल्द बाईपास के भी दोनों मार्गों में से एक की स्वाकृति आने वाली है।

**रोडमल नागर, सांसद लोकसभा क्षेत्र, राजगढ़**

### गेहूं के उचित दाम सहित अन्य मांग कर रहा किसान

# अधिकारी लेने नहीं आए तो किसानों ने गधे को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति द्वारा आयोजित किसान पंचायत में प्रशासनिक उदासीनता का अनोखा विरोध देखने को मिला। अधिकारियों के इंतजार में बैठे किसानों का ज्ञापन जब कोई प्रशासनिक अधिकारी लेने नहीं पहुंचा, तो किसानों के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से एक गधे को ज्ञापन सौंपकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। यह किसान पंचायत शहर के श्री अंजनी लाल मंदिर परिसर में आयोजित की गई थी।

किसानों ने वर्तमान कृषि व्यवस्थाओं और प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही अनदेखी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। पंचायत के दौरान एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को सूचना दी गई थी, लेकिन कोई भी अधिकारी ज्ञापन लेने मौके पर नहीं पहुंचा। अधिकारियों की अनुपस्थिति से नाराज किसानों ने विरोध स्वरूप मौके पर मौजूद एक गधे को ही ज्ञापन सौंप दिया। इस घटना ने प्रशासन की कार्यशैली और किसानों के प्रति उदासीनता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### आरोप, फसलों के नहीं मिल रहे उचित दाम

किसान पंचायत को संबोधित करते हुए संघटन प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी ने कहा कि किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर कई बार प्रशासन से संपर्क करने का प्रयास किया है, लेकिन उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसान अन्नदाता है, लेकिन उसे अपनी फसल का मूल्य तय करने का अधिकार नहीं है, जो उनके साथ अन्याय है। इस अवसर पर संगठन मंत्री केसर सिंह गुर्जर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भगवान सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोवर्धन तंवर, गुना जिला अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, जिला महामंत्री शिव सिंह पटेल (बहादुरपुर) और कमल सिंह बना सहित कई किसान पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### पितरों की आत्मशांति के लिए किया सामूहिक पूजन-तर्पण

# भूतड़ी अमावस्या पर कालसिंध में लगाई आस्था की डुबकियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

चैत्र मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या जिसे भूतड़ी अमावस्या भी कहा जाता है, के अवसर पर नगर के प्रसिद्ध तीर्थ कपिलेश्वर तीर्थ में पवित्र कालीसिंध नदी घाट पर हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह 5 बजे से ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने कालीसिंध नदी में आस्था की डुबकी लगाई और पितरों की शांति के लिए तर्पण व पूजन किया। कालीसिंध नदी घाट पर स्नान का सिलसिला सुबह से प्रारंभ होकर शाम तक चलता रहा दिन भर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद बाबा कपिलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने खेडापती हनुमान एवं नवग्रह देवताओं की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देकर पुण्य अर्जित किया गया। पंडित कैलाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र मास की भूतड़ी अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस दिन पितृ लोक के द्वार खुलते हैं और पूर्वज अपने परिजनों को आशीर्वाद देने पृथ्वी पर आते हैं। इस तिथि पर किए गए तर्पण और कर्मकांड से पितृ दोष शांत होते हैं तथा घर-परिवार में शांति और समृद्धि आती है।

### पितरों की आत्मशांति के लिए विशेष है यह अमावस्या

इस अमावस्या को भूतड़ी इसलिए कहा जाता है क्योंकि इस दिन सूक्ष्म और अदृश्य शक्तियों का प्रभाव भी अधिक माना जाता है। हालांकि, इसका प्रमुख उद्देश्य पितरों का स्मरण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना ही है। कपिलेश्वर तीर्थ धाम पुजारी संतोष पुरी गोस्वामी ने जानकारी दी कि सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने विधि-विधान से स्नान कर भगवान का पूजन किया और अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**तीन साल से थाने के चक्कर काट रही थी महिला**

# छेड़खानी के अभियुक्त पटवारी पर एक ओर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

क्षेत्र के पटवारी जो पूर्व से नाबालिग बालिका का वीडियो बनाने के अपराध में अभी कुछ दिनों पहले ही जेल से आए हैं उन पर खिलचीपुर थाने में एक ओर मामला दर्ज हुआ है। बतादें कि यह पटवारी महेश पटवारी पूर्व से शासकीय सेवा से निलंबित किए जा चुके हैं। इन्हीं पटवारी साहू पर बुधवार को छेड़खानी व एससी/एसटी एक्ट का एक ओर मामला दर्ज किया गया है।


जाति प्रमाणपत्र बनवाते समय की थी महिला से छेड़छाड़ का आरोप, नहीं बना जाति प्रमाणपत्र

**नाबालिग के अश्लील वीडियो के बाद अब पटवारी का दूसरा मामला भी आया सामने**

दुष्कर्मी महेश पटवारी की शिकायत लेकर थाने पहुंची एक ओर दलित पीड़ित महिला

3 वर्ष बीतने के बाद भी महिला की शिकायत पर आज तक नहीं हुई एफआईआर दर्ज

आदतन करता आया है महिलाओं का उत्पीडन

3 साल पहले बेनकाब हो जाता तो मासूम न बनती शिकार

पटवारी पर नाबालिग छात्रा का वीडियो बनाने पर पाक्सो एक्ट में केस दर्ज

बिना जाति प्रमाणपत्र पढ़ने को मजबूर

पटवारी की सांठ-गांठ से दबा दी गई मेरी शिकायत

इनका कहना है

पीड़ित दलित महिला नीता वंशकार महेश पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनवाते समय हुई छेड़खानी की शिकायत को लेकर विगत 3 वर्षों से थाने के चक्कर लगा रही थी। यही नहीं एसपी कार्यालय, एसडीओपी कार्यालय, 181 पर कंप्लेंट दर्ज करने के बावजूद भी खिलचीपुर थाने में पटवारी महेश के रसूख के चलते कार्यवाही नहीं हो सकी थी। हरिभूमि ने भी इस मामले को प्रमुखता से उजागर किया था। इसके बाद उच्चाधिकारियों के संज्ञान उपरान्त खिलचीपुर थाने में अब संबंधित पटवारी साहू पर बीएनएस की धाराओं व एससी/एसटी एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया है।

# हार्वेस्टर संचालकों को नरवाई के संबंध में दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जिले में खेतों में बढ़ती आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को सारंगपुर थाने में हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि हार्वेस्टर संचालक जब भी किसी किसान के खेत में गेहूं की कटाई करें, उसकी जानकारी संबंधित थाने में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि कटाई के दौरान स्ट्रारीपर (भूसा बनाने वाली मशीन) का उपयोग कर अवशेषों को भूसे में बदला जाए, ताकि नरवाई जलाने की नौबत न आए। अधिकारियों ने जागरूकता अभियान के तहत संचालकों को किसानों को समझाइश देने के निर्देश भी दिए। किसानों को बताया जाए कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा इससे आगजनी की घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। बैठक में वरिष्ठ कृषि अधिकारी राजेश राजपूत, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, पटवारी शहजाद खान, कृषि विस्तार अधिकारी राकेश परमार संजय पाटीदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**आदेश के उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्रवाई**

# पशु चारे के निर्यात पर राजगढ़ कलेक्टर ने लगाया पूर्णतः प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर के आदेश पर पशु चिकित्सा विभाग ने अहम निर्देश जारी किए हैं। दरअसल, जिले में रबी फसल की कटाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसके उपरांत चारे भूसे की उपलब्धता पशुधन के लिए बनाये रखना आवश्यक है। ऐसे में राज्य के जिलों को छोड़कर अन्य राज्यों के जिलों में भूसे के परिवहन तथा ईंट भट्टों के ईंधन के रूप में चारे भूसे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के अनुसार जिले में पशुधन के लिए चारे की उपलब्धता आवश्यक है। यदि राजगढ़ जिले की सीमा के बाहर जिले से पशु चारा निर्यात प्रतिबंधित नहीं किया जाता है तो जिले में पशुधन के लिए चारा की कमी होगी, तथा चारा के बाजार मूल्य में अधिक वृद्धि होना संभावित है।

ऐसी स्थिति में पशुओं का चारे के बिना भूखे रहने की स्थिति निर्मित हो सकती है। ऐसे में जिलाधीश ने समस्त प्रकार के चारे, घास, भूसा एवं पशुओं के द्वारा खाये जाने वाले अन्य किस्म के चारे पर राजगढ़ जिले की राजस्व सीमा के बाहर निर्यात पर 30 जून 2026 तक के लिए प्रतिबंध लगाया है।



### यह भी लिखा है आदेश में

*साथ ही कोई भी कृषक, व्यापारी, व्यक्ति निर्यातक उपरोक्त क्रम में से किसी भी प्रकार के पशु चारे का किसी भी वाहन, मोटर, रेल, यान, नाव अथवा पैदल जिले के बाहर कलेक्टर के अनुज्ञा पत्र के निर्यात नहीं करेगा। शासकीय उपयोग के लिये भूसा एवं पशु चारे का परिवहन संबंधित अनुभागों के एसडीएम की अनुमति अनिवार्य होगी। आदेश का उल्लंघन होने पर मध्यप्रदेश पशु चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2000 के निहित प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।*

### ताकि ब्यावरा के अपराधों पर रखा जा सके नियंत्रण



# सीसीटीवी कैमरे लगवाने केमिस्ट एसोसिएशन ने सौंपी सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

केमिस्ट एसोसिएशन ब्यावरा की तरफ से शहर के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने थाना प्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ को आपस में एकत्रित की गई सहयोग राशि जनहितार्थ सौंपी गई है। सभी कैमिस्टों (दवा विक्रेताओं) ने करीब 51 हजार 5400 रुपए सीसीटीवी हेतु पुलिस, प्रशासन को सौंपे। इस सहयोग का मुख्य उद्धेश्य ब्यावरा नगर में हो रही घटनाओं यथा चोरी, मारपीट, छेड़खानी जैसे अन्य अपराधों की त्वरित पड़ताल करना है। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक मोहन गुप्ता, अध्यक्ष आशीष गुप्ता, सचिव अंकुश गुप्ता, जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, सुरेश चंद्रवंशी सहित अन्य दवा विक्रेता उपस्थित रहे।


### खिलचीपुर-राजगढ़ के मध्य रेलवे टेक की हुई फाइनल चेकिंग

# साकार हुई कल्पना, राजगढ़ पहुंची सपनों की छुक-छुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ में रेल देखने का सपना लेकर अनेकों लोग शायद अब इस दुनिया में ही नहीं बचे हैं, परन्तु करीब 35 वर्ष पुराने रामगंज-मंडी भोपाल रेल प्रोजेक्ट आगामी वर्षों में पूर्ण होने की उम्मीद अब जाग उठी है। गत वर्ष पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा जहां राजस्थान सीमा के बाद जिले के खिलचीपुर तक के टेक का फाइनल निरीक्षण किया जा चुका था। वहीं बुधवार को रेलवे संरक्षा अधिकारी ने खिलचीपुर से राजगढ़ टेक की मजबूती सहित सुरक्षा से जुड़े अन्य मापदंड जांचने परखने दोनों स्टेशनों के बीच का पहले ट्रॉली एवं इसके उपरान्त टेन से निरीक्षण किया।

बताया जा रहा है कि रेलवे संरक्षा अधिकारी द्वारा इस निरीक्षण के उपरान्त अपनी फाइनल रिपोर्ट तैयार करके रेलवे मंत्रालय को सौंपी जाएगी उसी के बाद यह निश्चित होगा कि कब रूटीन टेन चलेगी। यहां आपको यह भी बतादें कि इसी तरह का निरीक्षण रेलवे के अधिकारियों द्वारा खिलचीपुर तक के टेक का भी पूर्व में किया जा चुका है लेकिन आज तक कोई रूटीन यात्री टेन रामगंजमंडी से सीधे खिलचीपुर तक शुरू नहीं की गई है।



### राजगढ़वासी रहे उत्साहित

चूंकि, राजगढ़ नगरवासियों इस प्रोजेक्ट के तहत नगर की सीमा में रेल आने का सालों से इंतजार कर रहे थे ऐसे में जैसे ही यह टेन राजगढ़ पहुंची तो अनेकों लोग टेन के सम्मुख रील बनाने, उसे देखने में लग गए। आलम यह रहा कि पुलिस को लोगों को मुख्य टेक और स्टेशन के आसपास से हटाने मजबूर होना पड़ा।

### सारांश में जाने यह पूरा प्रोजेक्ट

*रामगंजमंडी से भोपाल तक के इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 3 हजार 500 करोड़ रुपए है जो 276 किमी लंबाई का है। आज से 26 वर्ष पहले साल 2000 में प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई थी तब लागत कम थी लेकिन समय-समय रुकी परियोजना ने प्रोजेक्ट की लागत को चार गुने से अधिक पहुंचा दिया।*

# प्रभात फेरी के दौरान बालक के प्रदर्शन ने किया मंत्रमुग्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में प्रातः प्रतिदिन निकलने वाली प्रभात फेरी एक धार्मिक आस्था और पवित्र परंपरा की अनोखी मिसाल बनती जा रही है, जो धार्मिक श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं धर्म के प्रति प्रेरित कर रही हैं।

एक ओर जहां धर्म की ओर प्रेरित करतीं हैं, वहीं शारीरिक रूप से प्रातः जल्दी जगाने का काम कर रही है। यह न केवल ईश्वर के नाम का संकीर्तन है, बल्कि शहर के वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर देने का एक प्रयास माना जा रहा है। प्रभात फेरी में महिला पुरुष हरि के गुणगान में पैदल चलते हैं तथा वहीं इस प्रभात फेरी में एक बालक जो बेहतरीन ढोलक बजा कर अपनी कला का प्रदर्शन करता आकर्षण का केंद्र बिन्दु रहता है। खेलने कूदने की उम्र में भी प्रभु के प्रति आस्था का नजारा एक अच्छे माता-पिता के द्वारा दिए संस्कारों को प्रदर्शित करता है।